हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

12 दिसंबर 2024, समय 1810

- केंद्र सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों, थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं भण्डारण की सीमा घटाई।
- प्रसार भारती ने आगामी हॉकी इंडिया लीग का सीधा प्रसारण करने के लिए हॉकी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में खेल विभाग द्वारा हरियाणा कुश्ती दंगल करवाया गया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि खेल हरियाणा की संस्कृति एवं समाज के ताने बाने में हैं।
- हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार की खेल नीति की बदौलत खिलाड़ी प्रदेश ही नहीं देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं।
- हरियाणा सरकार ने अब तक प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभार्थियों को 52 करोड़, 54 लाख रुपये की सब्सिडी वितरित की।

*******************************************************************

केंद्र सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और जमाखोरी रोकने के लिए, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं के लिए 31 मार्च 2025 तक लागू गेहूं के भंडारण की सीमा घटा दी है। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं की भंडारण सीमा 2,000 मीट्रिक टन से घटा कर 1,000 मीट्रिक टन और खुदरा विक्रेताओं के लिए यह सीमा 10 मीट्रिक टन से घटा कर 5 मीट्रिक टन कर दी गई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सभी गेहूं भंडारण संस्थाओं के लिए गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण करना और हर शुक्रवार को उसकी वर्तमान उपलब्धता की जानकारी साझा करना अनिवार्य है।

*********************************************************************

राज्यसभा के नेता और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कांग्रेस पर अमरीका स्थित जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ पार्टी नेताओं के कथित संबंधों पर निशाना साधा। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस को जॉर्ज सोरोस के साथ अपने कथित संबंधों के बारे में देश की जनता को बताना चाहिए, एक ऐसा व्यक्ति जो देश को अस्थिर करना चाहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्देसे लोगों का ध्यान भटकाना चाहती है।

वहीं,बीजेपी इस मुद्दे को लोगों के बीच लाएगी और उन्हें कांग्रेस की सच्चाई से अवगत कराएगी। श्री नड्डा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की उपराष्ट्रपति पद का सम्मान न करने की भी आलोचना की। उन्होंने श्री गांधी के व्यवहार को अपरिपक्व बताया। उन्होंने कहा कि श्री गांधी और कांग्रेस नेताओं ने संसद की छवि को धूमिल किया है।

**************************************************************************

प्रसार भारती ने आगामी हॉकी इंडिया लीग का सीधा प्रसारण करने के लिए आज नई दिल्ली में हॉकी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन के साथ दूरदर्शन हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के लिए आधिकारिक प्रसारण भागीदार बन गया है। इस अवसर पर हॉकी इंडिया लीग की संचालन समिति के सदस्य भोला नाथ सिंह और प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद, दूरदर्शन (समाचार) की महानिदेशक प्रिया कुमार और अन्य लोग मौजूद रहे।

**************************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में खेल विभाग द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में आज हरियाणा कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया ।दंगल शुरू होने से पहले अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुश्ती खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों को कुश्ती और कबड्डी जन्म घुट्टी के तौर पर मिलती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मुकाबलों में नाम कमा रहे हैं।

इस अवसर पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार की खेल नीति की बदौलत हरियाणा राज्य ही नहीं देश का नाम भी रोशन कर रहा है।

इस कुश्ती दंगल में पूरे हरियाणा के 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें 16 लड़कियां और 16 लड़के शामिल रहे।हरियाणा कुश्ती दंगल में लड़कियों के मुकाबले 62 और 76 किलोग्राम वर्ग में जबकि लड़कों के मुकाबले 79 किलोग्राम और 97 किलोग्राम भार वर्ग में करवाए गए।

लड़कियों के 76 किलोग्राम भार वर्ग में काजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि किरण दूसरे स्थान पर रही। वहीं लड़कों के 97 किलोग्राम भार वर्ग सचिन मोर ने पहला स्थान और अर्जुन ने दूसरा स्थान प्राप्त कियामुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुश्ती खिलाड़ियों को पहले पुरस्कार के रूप में 2 लाख रुपए, दूसरे पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपए और तीसरे पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए दे कर सम्मानित किया ।

***********************************************************************

हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभार्थियों को अब तक 52 करोड़ 54 लाख रुपये की सब्सिडी वितरित की है।मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज इस

योजन की समीक्षा के लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य भर में 45.90 मेगावाट की संयुक्त क्षमता के 9 हजार 609 रूफटॉप सौर ऊर्जा सयंत्र लगाए जा चुके हैं। जिससे सौर ऊर्जा अपनाने को और बढ़ावा मिला है।मुख्य सचिव ने कहा कि भविष्य को देखते हुए, सरकारी भवनों को सौर ऊर्जा संयंत्रों से युक्त करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग सरकारी संपत्तियों के डेटा प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने के लिए एक केंद्रीकृत पोर्टल विकसित कर रहा है।श्री जोशी ने बताया कि अब तक 3 हजार 11 भवनों के लिए साइट सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें 91.78 मेगावाट की संभावित सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता की पहचान की गई है।उन्होंने कहा कि सरकार नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के तहत प्रत्येक जिले में आदर्श सौर गांव भी विकसित करेगी। इस योजना का उद्देश्य सभी घरों में सौर-आधारित घरेलू प्रकाश व्यवस्था, गांवों में सौर आधारित जल प्रणाली, कृषि उद्देश्यों के लिए सौर पंप और सौर स्ट्रीट लाइट की स्थापना जैसी प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है।मुख्य सचिव ने कि इस योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने में बैंकों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने अधिकारियों को लाभार्थियों को ऋण की सुचारू सुविधा के लिए इस प्रक्रिया में बैंकों को सक्रिय रूप से शामिल करने के निर्देश भी दिए हैं।

*********************************************************************

भिवानी के मूक एवं बधिर खिलाड़ियों जसपाल व अमित ने 10वी एशिया पैसिफिक बधिर खेलों में रजत एवं कांस्य पदक जीते है। आस्था स्पेशल स्कूल के दोनों विद्यार्थियों का आज भिवानी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जसपाल ने शॉटपुट में रजत व डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक हासिल किया जबकि अमित ने कुश्ती में कांस्य पदक जीता।विजेता दिव्यांग खिलाडियों ने कहा है कि वर्ष 2025 के पैरा ओलंपिक में देश को स्वर्ण पदक दिलाना उनका अगला लक्ष्य है।

*********************************************************************

अखिल भारतीय सिविल सेवा खेलों के लिए राज्य स्तरीय टीमों का ट्रायल 24 दिसंबर से शुरू होगा। हरियाणा के खेल विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले टेबल -टेनिस , कबड्डी , बास्केटबॉल , क्रिकेट और बैडमिंटन खिलाडियों के चयन के लिए संबंधित जिला खेल अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष होंगे।उन्होंने बताया कि आल इंडिया सिविल सर्विसेज बैडमिंटन चैम्पियनशिप हेतु 24 दिसंबर को पंचकूला में राज्य स्तरीय टीम का चयन होगा। इसके अलावा , बास्केटबॉल टीम का चयन भी पंचकूला में ही 24 दिसंबर को होगा जबकि कबड्डी टीम का चयन 25 दिसंबर को रोहतक में होगा।उन्होंने आगे बताया कि क्रिकेट टीम का चयन आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है और टेबल टेनिस की उस टीम को ही वैध माना जाएगा जो गत 9 दिसंबर करनाल में ट्रायल के दौरान चुनी गई थी।